भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
IIT
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

राष्ट्रीय सहारा

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 29.03.2019

मालवीय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आईआईटी चैंपियन

वाराणसी (एसएनबी)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा आयोजित मालवीय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आईआईटी (बीएचयू) की टीम ने अपनी पिछले वर्ष की बादशाहत बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी चैम्पियनशिप अपनी नाम की। पूरी प्रतियोगिता में संस्थान की टीम अविजित रही।

आईएमएस को फाइनल में 39 रन से हराया

पूरे प्रतियोगिता में संस्थान की टीम रही अविजित

बुधवार को फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आईआईटी की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 97 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में आईएमएस की टीम 15 ओवर में 9 विकेट गवा कर 58 रन ही बना सकी। फाइनल मैच में आईआईटी की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी करने के लिए मैन ऑफ दी मैच का खिताब तेज गेंदबाज ऋषभ तिवारी को मिला। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर विपक्षी टीम को बैकफुट पर ला दिया। पूरी सीरीज में आलराउंड प्रदर्शन करने के लिए आईएमएस के विकास यादव को मैन ऑफ दी सीरीज का अवार्ड मिला। समापन समारोह में आईआईटी के कुलसचिव डा एसपी माथुर और सर सुंदरलाल अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा जीएन श्रीवास्तव ने विजेता टीम के कप्तान नितिन यादव को ट्राफी देकर शुभकामना दी। इस अवसर पर टीम के सभी सदस्यों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।